**प्रेस नोट**

**दिनांक 04.09.2025**

# श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, चित्रकूट धाम परिक्षेत्र, बांदा, राजेश एस. द्वारा आगामी बारावफात, कंस मेला के दृष्टिगत मौदहा क्षेत्रान्तर्गत भम्रण कर कंस मेला मैदान व मीरा तालाब स्थल का निरीक्षण।

श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, चित्रकूट धाम परिक्षेत्र, बांदा, राजेश एस. द्वारा आगामी बारावफात, कंस मेला के दृष्टिगत मौदहा क्षेत्रान्तर्गत भम्रण कर कंस मेला मैदान व मीरा तालाब स्थल का निरीक्षण।

आज दिनांक 04.09.2025 को श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, चित्रकूट धाम परिक्षेत्र, बांदा, श्री राजेश एस. द्वारा थाना मौदहा क्षेत्रान्तर्गत आगामी बारावफात एवं कंस मेले के दृष्टिगत भ्रमण कर कंस मेला मैदान एवं मीरा तालाब स्थल का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, पार्किंग स्थल, सफाई व्यवस्था, पेयजल सुविधा, प्रकाश व्यवस्था एवं भीड़ नियंत्रण संबंधी तैयारियों का जायजा लिया गया। इस अवसर पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं एवं आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि मेले के दौरान पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए, साथ ही पैदल गश्त, बैरिकेडिंग एवं सीसीटीवी निगरानी की समुचित व्यवस्था की जाए। महोदय ने कहा कि मेला जनपद की आस्था एवं संस्कृति से जुड़ा हुआ है, अतः इसे शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर, अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर, सहित अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।